(d) There is no uniform rate of royalty and it depends on the terms of agreement of an individual unit with its respective foreign collaborator wherever applicable.

हथकरघा निर्मित वस्त्र का निर्यात

3817. **श्री राम जेठमलानी:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में 1993-94 के दौरान हथकरघा निर्मित वस्त्र के उत्पादन तथा निर्यात में पर्याप्त वृद्धि हुई थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा वर्ष 1992-93 की तुलना में 1993-94 में इसके निर्यात में कितनी वृद्धि हुई थी;

(ग) क्या यह भी सच है कि हथकरघा बुनकरों को हथकरघे से निर्मित वस्त्र के अधिक निर्यात से होने वाले लाभ से कोई विशिष्ट लाभ प्राप्त नहीं हुआ है;

(घ) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) निर्यात का लाभ आम बुनकरों तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी॰ वेंकट स्वामी): (क) जी, हां।

(ख) सूती हथकरघा फैब्रिक्स और मेड-अप्स के निर्यात वर्ष 1992-93 में 1034 करोड़ रु. से बढ़कर वर्ष 1993-94 में 1298 करोड़ रु. हो गए।

(ग) से (ङ) हथकरघा उत्पादों के निर्यात में वृद्धि से न केवल बुनकरों का रोजगार कायम रहा है अपितु, इससे उनके लिए रोजगार के लिए नए अवसरों का सृजन हुआ है। यह सही है कि बुनकर कुल मिला करके अपने उत्पादों का सीधे ही निर्यात नहीं करते हैं। तथापि, इसका तात्पर्य यह नहीं है कि बुनकर हथकरघा उत्पादों के बढ़े हुए निर्यातों से कोई लाभ प्राप्त नहीं करते। हथकरघा उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होने के इस उत्पादों की मांग बढ़ जाती है जिससे बुनकर अपने उत्पादों के लिए बेहतर कीमतें वसूल करते हैं।

Establishment of Institutions for Fashion Technology

3818. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA:
SHRI ANANT RAM JAISWAL:

Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether Government are considering any proposal to establish institutions for Fashion Technology;

(b) if so, what would be the total number of such institutions and whether any place have been identified for this prupose;

(c) if so, what is the estimated expenditure likely to be incurred thereof; and

(d) what is the present position with regard to the establishment/development work of the Institutions stating the purpose of establishing such Institutions?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) to (d) Government have perpared a proposal for setting up additional institutes of Fashion Technology. Different State Governments were asked to indicate their willingness to share the non-recurring and recurring costs involved in setting up and running these Institutes. The replies received are being evaluated and a final decision regarding the locations and the precise cost sharing formula will be taken after further consultations with State Governments, if necessary. The purpose of setting up these Institutes is to meet our projected requirements of trained manpower for various trades in the apparel export industry.

वस्त्र उद्योग द्वारा मशीनों का आयात

3819. **श्री राम जेठमलानी:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश में कपड़ा उद्योग के समुचित विकास के लिए पुरानी आयातित मशीनों के आयात में पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करके पुरानी आयातित मशीनों के उपयोग को बढ़ावा दिया है;

(ख) यदि हां, तो 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान आयातित पुरानी मशीनों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या यह भी सच कि इन पुरानी मशीनों के आयात में सुविधाएं देने के कारण स्वेदेशी कपड़ा मशीनों का उत्पादन भी प्रभावित हुआ है; और

(घ) यदि नहीं, तो पिछले तीन वर्षों में कपड़ा मशीनों के उत्पादन के संबंध में सरकार का क्या आकलन है तथा क्या उनका उत्पादन घट गया है?